<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>माननीय कृषि मंत्री ने विश्वविद्यालय के साथ मनायी पंडित पंत जी की 135वीं जयंती</u>

पंतनगर। 10 सितम्बर 2022। विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सेंटर में पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जी की 135वीं जयंती के अवसर पर उत्तराखण्ड के माननीय कृषि मंत्री, श्री गणेश जोशी; लालकुआं विधायक, डा. मोहन सिंह बिष्ट; कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान तथा विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशकगण, अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा आज पंडित पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद माननीय कृषि मंत्री ने कृषि महाविद्यालय के वैलनेस एवं मेडिटेशन सेन्टर में स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा का अनावरण किया। तदोपरान्त कृषि मंत्री ने विश्वविद्यालय के अनुसंधान केन्द्रों का भ्रमण कर नयी शोध तकनीक से विकसित प्रजातियों की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर गांधी हाल में महामहिम राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू; माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी, माननीय राज्यपाल उत्तराखण्ड, श्री गुरमीत सिंह एवं उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के प्राप्त संदेशों को विश्वविद्यालय के कुलसचिव तथा विभिन्न महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं निदेशकों द्वारा पढ़ा गया।

माननीय कृषि मंत्री, श्री गणेश जोशी ने बताया कि विश्वविद्याय के वैज्ञानिक द्वारा किसान उपयोगी तकनीकों एवं विधियों से किसानों की आय दोगुनी कर प्रधानमंत्री जी के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को कृषि के क्षेत्र में उत्तराखण्ड सरकार के सहयोग से उच्चतम शिखर पर ले जाना हम सभी प्रयासरत रहेंगे।

कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि किसान एवं जवान देश के मूलभूत स्तम्भ है तभी देश खुशहाल है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को तीन बार बेस्ट यूनिवर्सिटी अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है और यहां के विद्यार्थी देश में नहीं वरन विदेशों में भी विश्वविद्यालय का लहराया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नई प्रजातियों एवं तकनीकों को उत्तराखण्ड राज्य के अन्तिम किसानों तक पहुंचाई जाएं, जिससे किसान इस तकनीक को अपनाकर अपनी आय में दोगुनी वृद्दि कर सकें। डा. चौहान ने सभी से आह्वान किया कि पंडित पंत के सपनों को पूरा करने एवं विश्वविद्यालय को आगे ले जाने के लिए संकल्प लें। उन्होंने बताया कि अब तक विश्वविद्यालय द्वारा 145 पेटेंट फाइल किये जा चुके हैं तथा उच्च गुणवत्तायुक्त लगभग **200 से अधिक तकनीकों को विकसित किया है जिनकों समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा राज्य के गांवों में हितधारकों, कृषकों एवं विभिन्न उद्योगों तक पहुंचाया है।**

क्षेत्रीय विधायक, लालकुआं डा. मोहन सिंह बिष्ट ने विश्वविद्यालय को उच्चतम शिखर तक पहुचाने में हर संभव प्रयासरत रहने की बात कही। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डा. एस.के. कश्यप ने पंडित पंत जी की जीवनी एवं उनके द्वारा किये गये योगदानों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम के अंत में अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह ने उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों के समस्त अधिष्ठाता, निदेशकगण, विद्यार्थी, कर्मचारी तथा किसान उपस्थित थे।

पंडित पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते माननीय कृषि मंत्री, श्री गणेश जोशी, कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।

गांधी हाल में उपस्थितजनों को संबोधित करते माननीय कृषि मंत्री, श्री गणेश जोशी।

गांधी हाल में उपस्थितजनों को संबोधित करते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।